भा वा अ शि प - वन उत्पादकता संस्थान, राँची

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

मिशन लाईफ एवं स्वच्छता अभियान 3.0

दिनांक : 19-20 अक्टूबर 2023

भावाअशिप-वन उत्पादकता संस्थान, राँची के निदेशक के निर्देश पर लिंक अधिकारी डॉ. योगेश्वर मिश्रा के तत्पर पहल पर "मिशन लाइफ एवं स्वच्छता अभियान 3.0” के अंतर्गत विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की के मार्गदर्शन में दो दिवसीय दिनांक 19.10.2023 एवं दिनांक 20.10.2023 को विस्तार प्रभाग द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमे संस्थान के वैज्ञानिकों, तकनिकी अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशासनिक अधिकारीयों एवं शोधकर्मियों ने भाग लिया तथा प्रथम दिन संस्थान के अन्तः परिसर में विश्रामगृह से पुराना बिल्डिंग भंडार गृह तक सड़क की सफाई की गयी एवं प्रशासनिक बिल्डिंग के सामने के उद्दान की घास की सफाई की गयी। नोडल अधिकारी स्वच्छता अभियान 3.0” कार्यक्रम में उपस्थित रहे एवं सफल बनाने में सहयोग किया। श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की ने स्वच्छता अभियान पर प्रकाश डाला एवं बतायी कि मिशन लाइफ का उद्देश्य स्वच्छता से जुड़ा है। अपनी सफाई आस पास की सफाई, कचरा निवटारण आदि स्वस्थ्य से जुड़ा है। स्वस्थ्य रहने एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए मिशन लाइफ के उद्देश्यों को पूरा करना होगा। डॉ. एस.एन.मिश्रा ने "स्वच्छता अभियान 3.0" के विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रधानमंत्री की यह महत्वाकांक्षी पहल है जिसका प्रतिवेदन हमें परिषद् से लेकर मंत्रालय तक भेजना है।

आयोजित स्वच्छता अभियान 3.0 की झलकियाँ

मिशन लाईफ एवं स्वच्छता अभियान 3.0

दिनांक : 19-20 अक्टूबर 2023

द्वितीय दिन दिनांक 20.10.2023 को लिंक अधिकारी सह समूह समन्वयक अनुसंधान डॉ. योगेश्वर मिश्रा के नेतृत्व में संस्थान के बाह्य परिषर, औस उपवन के सडकों की सफाई में संस्थान के लगभग सभी वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी एवं शोधकर्मी ने बढ़- चढ़ कर भाग लिया। डॉ. योगेश्वर मिश्रा के नेतृत्व एवं नोडल अधिकारी डॉ. शंभू नाथ मिश्रा तथा विस्तार प्रभाग के श्री बी.डी.पंडित के अगुवाई में चले इस कार्यक्रम में सभी ने स्वेच्छा से भाग लिया। अभियान को संबोधित करते हुए डॉ. योगेश्वर मिश्रा ने प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान 3.0 के विषय में संक्षिप्त में बताते हुए इसे मिशन लाइफ की सफलता का एक महत्वपूर्ण घटक बताया। उन्होंने बताया कि खुद एवं आस पास को साफ रखकर स्वस्थ्य पर होने वाले खर्च का एक बहुत बड़ा निधि बचाया जा सकता है। उन्होंने खुद से साफ़ सफाई का अभ्यास डालने का अनुरोध किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विस्तार प्रभाग के श्री बी.डी पंडित, श्री विनोद राम, श्री करम सिंह मुंडा, श्री मोहित सतपथी, श्री विजय कुमार दास, सुचना तकनिकी के श्री बसंत कुमार, सम्पदा के श्री मनीष कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा जिसके लिए नोडल अधिकारी डॉ.शभू नाथ मिश्रा ने सभी का आभार प्रकट किया।